**विधान परिषद के तृतीय सत्र, 2024 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री राज बहादुर सिंह चन्देल, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न संख्या-16 का उत्तर।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| 16 (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि नगर निगम कानपुर द्वारा संचालित माध्यमिक विद्यालयों में पदोन्नति श्रेणी के कुल कितने प्रवक्ता के पद दिनांक 31.07.2024 तक रिक्त हैं ? | नगर निगम, कानपुर द्वारा संचालित माध्यमिक विद्यालयों में पदोन्नति श्रेणी के 89 प्रवक्ता के पद दिनांक 31.07.2024 तक रिक्त हैं। |
| (ख) उक्त रिक्त पदों पर पात्र सहायक अध्यापकों की पदोन्नति प्रवक्ता पद पर कब तक करायेंगे ? | पदोन्नति की प्रक्रिया हेतु अन्य जनपदों से स्थानान्तरित अध्यापकों को वरिष्ठता सूची में सम्मिलित करने के लिये नवीन वरिष्ठता सूची तैयार किये जाने हेतु प्रधानाचार्यों को पत्र प्रेषित कर सूचनायें मांगी गयी थी। अनन्तिम वरिष्ठता सूची जारी करने के उपरान्त एल0टी0 ग्रेड शिक्षक/शिक्षिकाओं से आपत्तियाँ प्राप्त हो गयी हैं। उक्त आपत्तियों के निराकरण हेतु गठित विभागीय चयन समिति की बैठक इसी माह आहूत की जा रही है, जिसमें वरिष्ठता सूची को अन्तिम रूप देते हुए प्रकाशन किया जायेगा। यथाशीघ्र सामूहिक वरिष्ठता सूची का प्रकाशन कर पदोन्नति की प्रक्रिया हेतु अग्रिम कार्यवाही की जायेगी। |

**( ए.के. शर्मा )**
**मंत्री,**
**नगर विकास विभाग।**

Scanned with CamScanner